आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 29.04.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देहरादून में महिला आरक्षण के समर्थन में मशाल यात्रा का आयोजन।
- राज्य विधानसभा का विशेष सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने छात्रसंघ चुनावों में छात्राओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने की घोषणा की।
- हरिद्वार में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित, 30 जून तक सभी कार्य पूरे करने के निर्देश।
- और, राज्य के पर्वतीय जिलों में कल आए तेज आंधी–तूफान से व्यापक नुकसान, बागेश्वर में तीन लोग घायल।

अब समाचार विस्तार से–

<u>महिला आरक्षण</u>

महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर मातृशक्ति ने कल शाम देहरादून में गांधी पार्क से घंटाघर तक आक्रोश मशाल यात्रा निकाली। इस यात्रा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और महिलाएं शामिल हुईं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है और केंद्र सरकार महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कुछ विपक्षी दलों का रुख महिलाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि महिलाओं को सम्मान मिला है, लेकिन अब उन्हें निर्णय प्रक्रिया में भी बराबरी का स्थान मिलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में एक–तिहाई आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी मजबूत होगी और इससे देश के विकास को नई दिशा मिलेगी।

श्रीमती आर्या ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को उनका अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा और नारी सशक्तिकरण को और अधिक मजबूती मिलेगी।

<u>विशेष सत्र स्थगित</u>

विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूड़ी भूषण ने राज्य विधानसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही को कल शाम अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। इससे पहले सदन में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर आयोजित सत्र के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि नारी शक्ति को निर्णय लेने वाले मंचों पर पर्याप्त अवसर मिलना आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के रुख से महिलाओं के अधिकारों को नुकसान पहुंचा है। पेश है एक रिपोर्ट––

कैबिनेट मंत्री ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राज्य सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि सहकारिता से लेकर शिक्षा तक कई योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि सहकारी समितियों के चुनावों में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है और बड़ी संख्या में महिलाएं निर्वाचित होकर सामने आई हैं।

शिक्षा क्षेत्र में सुधारों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा, पाठ्यपुस्तकें और ड्रेस उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में बालिका शौचालय निर्माण का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। राज्य में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास भी संचालित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे उच्च शिक्षा में उनका नामांकन बढ़ा है और ड्रॉपआउट दर में कमी आई है।

डॉ. रावत ने बताया कि छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है और विश्वविद्यालयों में महिला नेतृत्व को भी बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जल्द ही छात्रसंघ चुनावों में छात्राओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण और शोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में अल्मोड़ा में टेलीकॉम उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राधिकरण के तकनीकी विशेषज्ञों और अधिकारियों ने टेलीकॉम, ब्रॉडकास्टिंग तथा उपभोक्ता अधिकारों से जुड़े विषयों पर विद्यार्थियों और उपभोक्ताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान प्राधिकरण के सलाहकार संजय कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी।

प्रोफेसर प्रवीण सिंह बिष्ट ने विद्यार्थियों से इस प्रकार के कार्यक्रमों के महत्व को समझते हुए भविष्य में इसका लाभ उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में अल्मोड़ा पुलिस के साइबर सेल के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया।

कांवड़ यात्रा

हरिद्वार में आगामी कांवड़ यात्रा को सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सीसीआर सभागार में कुंभ मेलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात प्रबंधन और सुरक्षा उपायों पर चर्चा के साथ ही कुंभ मेला से जुड़े निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने की रणनीति तय की गई। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जो निर्माण कार्य जल्द पूरे हो सकते हैं, उन्हें हर हाल में 30 जून तक पूरा किया जाए, जबकि शेष कार्यों के लिए ऐसी कार्ययोजना बनाई जाए जिससे कांवड़ यात्रा में कोई बाधा न आए और यात्रियों की सुरक्षा प्रभावित न हो।

देवरा यात्रा

चमोली जिले की मंडल घाटी में स्थित खल्ला गांव में मां अनुसूया देवी की देवरा यात्रा संपन्न होने के बाद उन्हें पुनः मंदिर के गर्भगृह में विराजमान किया गया। 51 वर्षों बाद देवी अपने गर्भगृह से बाहर निकलकर सात माह की देवरा यात्रा पर गई थीं, जो अब पूर्ण हो चुकी है। एक रिपोर्ट–

देवरा यात्रा के दौरान देवी की डोली ने बद्रीनाथ, केदारनाथ सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया और 17 अप्रैल को वापस खल्ला गांव पहुंची। इसके बाद 19 अप्रैल से महायज्ञ का आयोजन किया गया, जो पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ।

महायज्ञ की पूर्ण आहुति के बाद मां अनुसूया देवी को विधि–विधान के साथ गर्भगृह में स्थापित किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

आयोजन से जुड़े लोगों के अनुसार यह देवरा यात्रा दशहरे के अवसर पर शुरू हुई थी और सात महीने तक विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण के बाद गांव वापस लौटी। महायज्ञ के दौरान क्षेत्र की सुख–समृद्धि और यात्रा की सफल वापसी के लिए विशेष पूजा–अर्चना की गई।

इस आयोजन में देश–विदेश से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे कार्यक्रम के दौरान धार्मिक आस्था और परंपरा का विशेष उत्साह देखने को मिला।

आंधी–तूफान

राज्य के पर्वतीय जिलों में कल आए तेज आंधी–तूफान से व्यापक नुकसान हुआ है। बागेश्वर में तेज हवाओं के चलते सरयू पुल के पास एक मकान की छत से टीन के गिरने से एक युवती घायल हो गई।

इसके अलावा जिले के कई स्थानों पर पेड़ गिरने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

जिला अस्पताल की डॉक्टर लता के अनुसार, विभिन्न घटनाओं में अब तक तीन लोग घायल हुए हैं। हालांकि, किसी को गंभीर चोट नहीं आई है और सभी का उपचार किया जा रहा है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर राज्य विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आज सभी समाचार पत्रों की पहली सुर्खी बनी हुई है। दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री धामी के हवाले से लिखा है– महिलाओं का आरक्षण रोक कांग्रेस ने किया महापाप। अमर उजाला का शीर्षक है– संशोधन विधेयक को लेकसभा में गिरने पर निंदा प्रस्ताव पारित।

बंगाल चुनाव पर नवोदय टाइम्स का शीर्षक है– बंगाल का आज अंतिम रण, दूसरे चरण में राज्य के 142 क्षेत्रों में होगा मतदान।

पेट्रोल – डीजल की कीमतों पर हिन्दुस्तान ने केंद्र के हवाले से लिखा है– बंगाल चुनाव के बाद ईंधन की कीमते नहीं बढ़ेंगी।